दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 11 नवंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 444

## संक्षिप्त खबरें ।

### खड़गे ने पीएम मोदी और योगी पर बोला हमला, एक होकर सेफ होना है तो मनुस्मृति को जलाना होगा

लोक तंत्र की आवाज़



**नागपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के सिलसिले में नागपुर पहुंचे खड़गे ने योगी के बयान 'बंटेंगे तो कटेंगे' का जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई तो यह है कि योगी के मुख में राम और बगल में छुरी है। योगी साधु के कपड़े जरूर पहनते हैं मगर फिर बयान देते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे। वे ही बांटने वाले भी हैं और वे ही काटने वाले भी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला। प्रधानमंत्री मोदी के बयान 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का जिक्रकरते हुए उन्होंने कहा कि यदि एक होकर सेफ रहना है तो मनुस्मृति को जलाना होगा। महाराष्ट्र में इस बार कांग्रेस 103 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और हरियाणा की हार के बाद महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव कांग्रेस की अगुवाई वाले महाविकास अघाड़ी गठबंधन के लिए काफी अहम हो गया है।

**मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की भाजपा की कोशिशः** कांग्रेस अध्यक्ष ने नागपुर में कहा कि हजारों साल पहले मनुस्मृति में समाज को बांटा गया और तब से काटने का काम चल रहा है। मनुस्मृति में समाज को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और अति शुद्ध में बांटने का काम किया गया। इसलिए यदि एकजुट रहना है तो सबसे पहले मनुस्मृति को ही जलाना होगा। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता भड़काऊ बयान देकर लोगों को मूल मुद्दों से भटकाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले यह तय करना चाहिए कि उन्हें योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे को अपनाना है या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' के रास्ते पर चलना है।

**कांग्रेस ने हमेशा एकता की बात की;** कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ने कभी वोट हासिल करने के लिए एक होने या बांटने की बात नहीं की है। कांग्रेस ने हमेशा एकता के लिए बात की है और इसी के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने प्राण दे दिए। संघ और भाजपा के विचारधारा वाले गोडसे ने उनकी हत्या की थी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या भी इन्हीं की विचारधारा वाले लोगों ने की थी। हमारी पार्टी की ओर से एकता की बात की जाती है तो हम पर ही गोलियां दागी जाती हैं। राजीव गांधी भी देश को एकजुट रखना चाहते थे मगर उनकी भी हत्या कर दी गई।

**जाति आधारित जनगणना की वकालतः** खड़गे ने जाति आधारित जनगणना कराने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से देश को भड़काने के लिए यह बात कही जा रही है कि कांग्रेस देश को बांटने के लिए जाति आधारित जनगणना कराना चाहती है। अगर आदिवासियों की जनगणना नहीं होती तो उन्हें रिजर्वेशन किस तरह दिया जाता। इसी तरह पिछड़े वर्ग के लोगों की भी गणना करने की जरूरत है। हमें ऐसे आंकड़ों की आवश्यकता है जिससे उनकी गरीबी, शिक्षा और नौकरी के संबंध में पूरी जानकारी हासिल हो सके। उन्होंने कहा कि देश में गरीबों की बुरी हालत है और उनके पास खाने के लिए पैसे तक नहीं हैं। अंबेडकर ने अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का पर जोर दिया था मगर पीएम मोदी की ओर से हमेशा बांटने की ही बात की जाती रही है।

### हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगेर, बोकरो से पीएम मोदी ने भरी हुंकार

लोक तंत्र की आवाज़



**बोकारो।** झारखंड में प्रथम चरण के मतदान से पहले सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार की गति को बढ़ा दिया हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बोकारो पहुंचे। बोकारो में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है। छोटा नागपुर का ये पठार भी कह रहा है, रोटी–बेटी–माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा–एन डी ए सरकार। इसके साथ ही पीएम ने कहा कि भाजपा–एन डी ए का यहां एक ही मंत्र है – हमने झारखंड बनाया है, हम ही झारखंड संवारेंगे। ऐसे लोग कभी झारखंड का विकास नहीं करेंगे, जो झारखंड राज्य के निर्माण के विरोधी रहे हैं।

## रानी के पेट से नही बैलेट के बक्से से राजा पैदा होगा'...अपना ही गढ़ा नारा भूल गए लालू

लोक तंत्र की आवाज

● परिवारवाद को ही पोस रहे भाजपा, मांझी, माया

**पटना।** लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने खुद को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा पैरोकार बताना शुरू कर दिया. इस दौरान लालू यादव की एक टिप्पणी सबसे ज्यादा चर्चित हुई कि 'रानी के पेट से नहीं बैलेट के बक्से से राजा पैदा होगा'. लेकिन लालू यादव अब रानी के पेट से ही राजा पैदा करने के प्रतीक बन चुके हैं. तभी तो बेलागंज हो रामगढ़ दोनों ही जगहों पर लालू यादव ने परिवारवादी उम्मीदवारों को ही कार्यकर्ताओं पर तरजीह दी. बेलागंज उपचुनाव के सिलसिले में सदर ब्लॉक के निवासी रामनिवास यादव अपनी पीड़ा बयां करते हैं. मीडिया ने इस बार के उपचुनाव में उम्मीदवारों को लेकर सवाल किया तो सुरेन्द्र यादव के बेटे के विश्वनाथ यादव के राजद प्रत्याशी बनने पर कई लोगों को यह राजद का परिवारवाद लगता है।

रामनिवास यादव की तरह ही कई अन्य मतदाता भी यही मानते हैं कि राजनीतिक दल चाहे कोई भी सबमे परिवारवाद को तरजीह दी जा रही है. जैसे बेलागंज में विश्वनाथ यादव तो रामगढ़ में राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे अजित सिंह उम्मीदवार हैं. अजित के भाई सुधाकर और विश्वनाथ के पिता सुरेन्द्र यादव पहले ही लोकसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं. ऐसे में टिकट देने में राजद द्वारा कार्यकर्ताओं की जगह पार्टी के पहले निर्वाचित नेताओं के परिवारवालों को तरजीह देने से आम मतदाता चिंतित नजर आता है।



हालाँकि पार्टी कार्यकर्ताओं की जगह नेताओं के बेटे–बेटियों और रिश्तेदारों को टिकट देने में कोई भी दल पीछे नहीं है. चाहे भाजपा हो या हम या फिर मायावती की बसपा. सभी दलों में परिवारवाद चरम पर है और इसका स्पष्ट उदाहरण उम्मदीवारों को देखकर ही पता लगता है. औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इमामगंज में टिकट बंटवारे में परिवारवाद को बढ़ावा देने से आम मतदाता चिंतित दीखते हैं. यहाँ एनडीए समर्थित हम उम्मीवार दीपा मांझी हैं. इनके ससुर जीतन राम मांझी केंद्रीय मंत्री जबकि पति संतोष सुमन बिहार सरकार में मंत्री हैं. इमामगंज के एक मतदाता कहते हैं कि परिवारवाद भारतीय लोकतंत्र में हावी होता जा रहा है जिसका उदाहरण इमामगंज में एनडीए प्रत्याशी हैं।

हालाँकि परिवारवाद को बढ़ावा देने में भाजपा भी पीछे नहीं है. तरारी से भाजपा उम्मीदवार विशाल प्रशांत हैं जो पूर्व विधायक सह भाजपा नेता सुनील पांडे के पुत्र हैं. कुछ सप्ताह पूर्व ही सुनील पांडे ने अपने बेटे के साथ भाजपा का दामन थामा और अब उनके बेटे प्रत्याशी हैं. वहीं कैमूर के रामगढ़ विधानसभा सीट से अशोक कुमार सिंह भाजपा उम्मीदवार हैं. वहीं बसपा ने रामगढ़ के पूर्व विधायक अंबिका सिंह के भतीजे सतीश सिंह उर्फ पिंटू यादव को अपना कैंडिडेट बनाया है. इसी तरह बेलागंज में जेडीयू की उम्मीदवार मनोरमा देवी के पति भी जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं. दिवंगत बिंदेश्वरी प्रसाद यादव की पत्नी मनोरमा देवी दो बार एमएलसी रह चुकी हैं. इसी तरह से परिवारवाद के आरोप बिहार के अन्य राजनीतिक दलों पर भी लगते रहे है. इसी बार के लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान की पार्टी से चिराग के अलावा उनके बहनोई भी सांसद बने हैं।

## चुनावी सभा: राहुल गांधी ने जाति जनगणना और 50% आरक्षण की दीवार तोड़ने का किया वादा

लोक तंत्र की आवाज़

**धनबाद।** शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता ने धनबाद और जमशेदपुर में चुनावी सभा की थी। उन्होंने दोनों जगह अपने संबोधन में फर रऔर बीजेपीपर जमकर निशाना साधा था कहा था कि यह देश में नफरत फैला कर विभाजन की साजिश रच रहे हैं इसके साथ ही उन्होंने झारखंड की जनता से वादा किया कि कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (म स पी,, )में 50 फीसदी तक की वृद्धि की जाएगी। धान का समर्थन मूल्य अब 3250 रुपए मिलेंगे।



**जाति जनगणना होगी और आरक्षण की दीवार टूटेगीः** राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बने ही बनते ही जाति जनगणना शुरू होगी और 50% आरक्षण की दीवार तोड़ दी जाएगी। बताया कि देश में करीब 50 प्रतिशत ओ बी सी 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। इसके बावजूद देश की बड़ी–बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा।

**बड़े–बड़े भाषण देते हैं मोदी :** राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ बड़े–बड़े भाषण करते हैं। करते कुछ नहीं हैं। देश में जब महंगाई बढ़ती है, तो सबसे ज्यादा चोट हमारी माताओं–बहनों पर पड़ती है। उन्होंने कहा कि जी स टी का पूरा ढांचा देश के गरीबों से पैसा लेने का तरीका है। जनता के लिए 'इंडिया' गठबंधन की 7 गारंटीः राहुल गांधी ने झारखंड के लिए इंडिया की 7 गारंटी की बात की इसके तहत 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा और हर व्यक्ति को 7 किलो राशन दिया जाएगा।

**1932 आधारित खतियान की गारंटी भी उन्होंने दीः** सरना धर्म कोड लागू करने का भी वादा किया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बारे में राहुल गांधी ने कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह खटाखट 2,500 रुपए मिलेंगे। अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

**सरकार 10 लाख लोगों को नौकरी देगीः** 15 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ लोगों को मिलेगा। झारखंड के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा। सभी जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी खोले जाएंगे।

## बीजेपी के दो सबसे बड़े एटीएम अंबानी और अडानी हैं, कांग्रेस ने पीएम के बयान पर किया पलटवार

लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एटीएम वाले बयान को लेकर कांग्रेस ने पलटवार किया है. कांग्रेस के नेता उदित राज ने कहा, बीजेपी केदो सबसे बड़े एटीएम अंबानी और अडानी हैं. साथ ही उन्होंने कहा, पीएम ने जो आरोप लगाए उसको साबिक करें. पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था, जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है.

कांग्रेस नेता उदित राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अळट वाले बयान पर पलटवार किया है. उदित राज ने कहा, बीजेपी पार्टी ने तो 8 नवंबर 2016 को पूरे देश की जनता को बीजेपी का एटीएम बना लिया था. क्या बीजेपी के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड से बड़ा एटीएम हो सकता है? पूरी देश की जनता ही इनकी एटीएम हो गई है. उदित राज ने कहा, जो बैंकों को लूटा जा रहा है और करीब 25 लाख रुपये की जो कर्ज माफी है वो भी बीजेपी का एटीएम है. उन्होंने आगे कहा, बीजेपी के दो सबसे बड़े एटीएम अंबानी और अडानी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा था, जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है. अब इसी पर कांग्रेस ने पलटवार किया है।



**पीएम मोदी ने क्या कहा था?**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के अकोला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमला किया था. पीएम ने कहा था, जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन जाता है। पीएम मोदी ने आगे कहा, इन दिनों हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बन गए हैं.

**आरोपों का क्या प्रमाण है?ः** पीएम मोदी ने कहा था कि महाराष्ट्र के चुनाव के लिए कांग्रेस कर्नाटक में वसूली कर रही है. इस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, जो कर्नाटक के बारे में कहा उसका प्रमाण दीजिए. क्या प्रधानमंत्री को गैरजिम्मेदाराना तरीके से बोलना शोभा देता है?

## भाजपा व विरोधी ताकतों का सपना होगा चकनाचूर : हेमंत सोरेन

लोक तंत्र की आवाज़

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के करनडीह स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोटका विधानसभा के महागठबंधन के प्रत्याशी संजीव सरदार के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने यहां संताली भाषा में लोगों को संबोधित कर संजीव सरदार के पक्ष में वोट डालने की अपील की।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस प्रदेश में बाहर से आये कुछ लोग कुछ दिनों से गिद्ध व चील की तरह मंडरा रहे हैं. इनमें कुछ आदिवासी तो कुछ गैर आदिवासी हैं. ये सभी झारखंड विरोधी हैं. झारखंड की उन्नति व प्रगति से इन्हें कुछ भी लेना–देना नहीं. ये लोग यहां आकर तरह–तरह का प्रलोभन देकर झामुमो समेत महागठबंधन की एकता और ताकत को तोड़ना चाहते हैं और खुद सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं. लेकिन झारखंड की जनता अपना और पराया का फर्क समझती है. ऐसी विरोधी ताकतों को यहां पैर जमाने नहीं देगी. एक बार फिर भाजपा व उनके सहयोगियों का सपना पूरा नहीं होगा. इंडिया महागठबंधन सर्वाधिक सीटों पर काबिज होकर फिर सरकार बनायेगी. श्री सोरेन शनिवार को करनडीह स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. यह सभा पोटका से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार के समर्थन में आयोजित थी।

मुख्यमंत्री ने लोगों से पुनः पोटका से महागठबंधन प्रत्याशी संजीव सरदार के हाथों को मजबूत करने की अपील की. उन्होंने कहा कि संजीव सरदार आपके साथ रहकर आपकी सेवा करता रहा है. वैसे लोगों को अस्वीकार करें जो केवल चुनाव के समय ही आपके इर्द–गिर्द दिखाई देते हैं. सभा को मोहन कर्मकार, देवजीत मुखर्जी, सागेन पूर्ति, सुनील महतो, मायावती टुडू ने संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन झामुमो के जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने किया।



**भाजपा को सत्ता मिली, लेकिन जनता के बारे में नहीं सोचाः** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में भाजपा ने ज्यादा दिनों तक शासन किया, लेकिन सत्ता में रहते जनता के बारे में नहीं सोचा. अब चुनाव में जनता की याद आयी तो घूम–घूम कर समर्थन मांग रहे है. इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है. इस राज्य को संवारने के लिए भाजपा को सत्ता से दूर रखना जरूरी हो गया है. क्योंकि भाजपा झारखंडियों का अहित चाहने वाली पार्टी है. हमारे ही कुछ आदिवासी नेताओं ने इसे प्रश्रय दिया, अन्यथा बहुत पहले ही यहां से इसको विदाई मिल गयी होती.

राज्य सरकार युवाओं के करियर को लेकर भी काफी चिंतित है. इसलिए सरकार ने पढ़ने–लिखने वाले छात्रों का भविष्य को संवारने का जिम्मा अपने कंधे पर लिया. सरकार व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए विदेशों में भी पढ़ाई के लिए भेजने का काम कर रहा है. इसके लिए उनके अभिभावकों को खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं है. सरकार उनका सारा खर्च दे रही है. उन्होंने कहा कि अभी भी कई सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाना है. इसके लिए पुनः महागठबंधन के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। महागठबंधन के प्रत्याशी संजीव सरदार ने कहा कि पोटका विधानसभा की जनता को पैराशूट से उतारे गये प्रत्याशी बिलकुल ही पसंद नहीं है.पोटका की जनता ने उसे पुनः जिताने का फैसला लिया।

## जहानाबाद में इंस्पेक्टर को चढ़ा इश्क का खुमार, डिप्टी कलेक्टर महिला अधिकारी को भेजा 'आई लव यू'

लोक तंत्र की आवाज़

**जहानाबाद।** जहानाबाद में पदस्थापित एक इंस्पेक्टर की काफी चर्चा हो रही है. दरअसल, इंस्पेक्टर दिनेश्वर कुमार को रिटायरमेंट के वक्त इश्क खुमार चढ़ गया है. उन्होंने अपनी उम्र और पद की गरिमा को ताक पर रखकर जहानाबाद में ही पदस्थापित सीनियर डिप्टी कलेक्टर रैंक की एक महिला अधिकारी को अपने मोबाइल से प्यार का इजहार करते हुए 'आई लव यू' का मैसेज भेज दिया. अब महिला अधिकारी की शिकायत पर इंस्पेक्टर के विरुद्ध साइबर थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है.

**क्या है मामला? :** खास बात यह है कि आरोपीः इंस्पेक्टर दिनेश्वर के रिटायरमेंट के कुछ ही दिन बाकी है. लेकिन, उसके पहले उन्होंने इस तरह की



हरकत की है. अब आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हो गई है. इससे पहले शिकायत मिलने के बाद जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने मामले की विभागीय जांच कराई. एसपी ने जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी और इसमें डीएम की ओर से एक महिला सीनियर डिप्टी कलेक्टर कंचन कुमार झा को नामित किया गया था. जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में इंस्पेक्टर के खिलाफ लगाए गए आरोप को सही पाया। जांच कमेटी ने इस संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस इंस्पेक्टर को बुलाया था, लेकिन वह जांच टीम के समक्ष उपस्थित नहीं हुए. तब सीनियर डिप्टी कलेक्टर ने साइबर थाने में आवेदन देकर पुलिस निरीक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया. जांच टीम की रिपोर्ट और महिला अधिकारी के आवेदन के आलोक में पुलिस निरीक्षक दिनेश्वर कुमार के विरुद्ध साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

बता दें कि जहानाबाद जिले में पहले भी ऐसा वाकया सामने आया था. इससे पहले हुलासगंज प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी ने भी विकास पदाधिकारी को इसी तरह के मैसेज भेजे थे. कई बार कॉल भी किया गया था।

## लड़ाने का काम कर रहे हैं बीजेपी के 'बंटोगे तो कटोगे' नारे पर पर बरसे सीएम सोरेन

लोक तंत्र की आवाज़

**टाटा (बहरागोड़ा)।** झारखंड विधानसभा चुनावमें आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है. इसी कड़ी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर निशाना साधते हुए हुए कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि 'बंटोगे तो कटोगे' कह कर हमें आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं. भारत के गांव में सभी जाति–धर्म के लोग मिलकर रहते हैं. जिसे वोट की राजनीति में भाजपा के नेता लड़ाने का काम कर रहे हैं और हमारे समाज के लोगों में जहर भरने का काम कर रहे हैं. इस क्षेत्र के माल समाज की



समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा समाधान करने का प्रयास होगा. उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है ऐसी पार्टी के नेताओं के बहकावें में ना आए और सभी 13 नवंबर को एवीएम के तीन नंबर का वटन दबाकर समीर मोहंती को जिताने का काम करें।

हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती है कि झारखंड में आदिवासी और मुलवासी की सरकार मजबूती से चले. उन्होंने कहा कि दोबारा बहरागोड़ा से समीर मोहंती को जिताकर विधानसभा भेजें। बहरागोड़ा के शाखा मैदान में शनिवार को झामुमो महागठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से पार्टी के प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में वोट देने की अपील की. मौके पर सभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि वे राज्य के विकास के लिए और स्थानीय मुलवासीयों के अधिकार के लिए आप सभी से वोट मांगने आएं हैं.

## उन पर राष्ट्रदोह का केस बनता है', राहुल गांधी पर अमित शाह की टिप्पणी से कांग्रेस ने जताई नाराजगी

लोक तंत्र की आवाज़

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंशुल अविजित ने दावा किया है कि राज्य में जनकल्याणकारी योजनाओं और काम के दम पर फिर से गठबंधन की सरकार बनेगी। पांच साल चुनौतीपूर्ण रहे हैं, भाजपा ने कई बार अड़चने पैदा की है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसियों को सभी के पीछे लगा दिया, लेकिन हेमंत सोरेन के साथ मिलकर सकारात्मक सरकार चलाई है, जिसका असर आगामी चुनाव में भी देखने को मिलेगा। अंशुल अविजित शनिवार को



कांग्रेस भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकतांत्रिक प्रणाली और संघीय ढांचा को विकृत करने का प्रयास किया है, लेकिन उनका प्रयास झारखंड में विफल रहा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में सात गारंटी की बात कही गई है। यह न तो वादा है और न ही संकल्प है। भले ही केंद्र सरकार ने बाधा उत्पन्न की हो, लेकिन कांग्रेस ने कर्नाटक में अपनी पांच गारंटी को पूरा करके दिखाया है। नोटबंदी ने झारखंड को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। यहां के लोगों के साथ आर्थिक हिंसा हुई थी। उसके बाद जीएसटी ने तो यहां के छोटे उद्योगों को समाप्त कर दिया।केंद्र सरकार ने बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिया और कॉरपोरेट टैक्स भी घटा दिया है। जंगल को लेकर ऐसा कानून लाया है, जिसमें बिना ग्रामसभा की सहमति के ही किसी को भी जमीन दी जा सकती है। अंशुल अविजित ने कहा कि 11 साल से केंद्र सरकार ने राज्य में सरना धर्म कोड को लटकाया है। यह झारखंड की अस्मिता से जुड़ा मुद्दा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करके कर रहे थे खरीदारी, बवाल हुआ तो निकाल ली बंदूक; अब बढ़ी टेंशन



रत्ना

**कानपुर।** कानपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक कार चालक ने बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करके फूल खरीदना शुरू कर दिया। इससे जाम लग गया और पीछे से आ रहे लोगों से बहस हो गई। इस दौरान कार से एक असलहाधारी निकला और लोगों को धमकाने लगा। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। 48 सेकेंड का यह प्रचिलत वीडियो नजीराबाद थाने से 50 कदम दूरी का बताया जा रहा है। यूपी 78 एचएक्स 4037 नंबर की कार के चालक ने गाड़ी को बीच सड़क पर खड़ी की और फूल लेने चला गया। बीच सड़क गाड़ी होने की वजह से पीछे जाम लग गया। पीछे बस व कारें हॉर्न बजाने लगीं। यह देखकर एक राहगीर कार चालक से भिड़ता नजर आया। इसी बीच कार से एक असलहाधारक फिल्मी स्टाइल में नीचे उतारा और लोगों पर रौब गांठने की कोशिश की।

### बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ... करहल में सीएम योगी का अखिलेश यादव पर तंज; बताई



रत्ना

**लखनऊ ।** कांग्रेस और मुलायम की 'दुश्मनी' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करहल में अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। नेताजी मुलायम सिंह यादव की कर्मभूमि में सीएम ने भावनात्मक अंदाज में अखिलेश यादव पर परोक्ष हमला किया। उन्होंने कहा कि उनका आचरण अपने पिता की भावनाओं के विरुद्ध है। वह कभी भी कांग्रेस का समर्थन नहीं करते थे। बोले, बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। नेताजी की कर्मभूमि मैनपुरी के करहल में भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव को भी कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू है।

### बिजनौर के थाना नजीबाबाद में दो पक्षो में जमीनी विवाद को लेकर भयंकर झगड़ा



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नजीबाबाद।** उस समय अफरा तफरी मच गई जब दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। घटना में दोनों पक्ष के दो दो व्यक्ति घायल बताए जा रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ देश दीपक सिंह व कोतवाल संजय कुमार तोमर, एसआई नितेंद्र सहित भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़े में दोनों पक्ष के कई लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ करने में जुटी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर लगभग 2500 बजे नगर के मोहल्ला पठानपुरा कांजी हाउस स्थित युसूफ उर्फ बिल्लू घोसी के लड़कों व दूसरा पक्ष मोहम्मद अयूब के लड़कों किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और देखते ही देखते कहां सुनी झगड़ा में बदल गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व पत्थर बाजी शुरू कर दी। वही झगड़े में गोली चलने की बात भी सामने आ रही है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बिजनौर महोत्सव के दूसरे दिन फैशन शो द्वीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया

लोकतंत्र की आवाज





रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा आज पूर्वाहन 10:00 बजे बिजनौर महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय नुमाइश ग्राउण्ड में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक जिला प्रशासन एवं भगवंत इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी के संयुक्त तत्वाधान परिधान ? पारंपरिक फैशन शो एवं बिजनौर महोत्सव के तत्वावधान में फैशन शो द्वीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। परिधान ? पारंपरिक फैशन शो के दौरान युवक युवतियों ने देश विदेश एवं विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भारत विभिन्नता का देश है, जो सांस्कृतिक अभिरुचि, पारंपरिक परिधान के माध्यम से परिलक्षित होता है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों के परिधान से रंगबिरंगी मनमोहक छटा बिखेरी। आधुनिक रंग व ट्रेंड में पगे जिले एवं देश प्रदेश के प्रसिद्ध पारंपरिक परिधान। कपड़ों की डिजाइन तो कहीं अलग पहनावे पर दर्शकों की नजर अटक गई। तेज बीट्स पर जब साड़ी, सूट और दूसरे दिन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 06:30 बजे एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत प्रवासी बिजनौर, पर्यटन के क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वाले, प्रकृति एवं पक्षी प्रेमी लोगों को पक्षी विशेषज्ञ आशीष लोया के नेतृत्व और उनकी टीम के मार्गदर्शन में हैदरपुर वेटलैंड, डॉलफिन सफारी एवं विदुर कुटी का भ्रमण बिजनौर महोत्सव जैकेट्स के नए कलेक्शन के साथ मॉडल रैंप पर उतरे तो हर कोई देश प्रदेश के शिल्प के आकर्षण में बंधा नजर आया, जिसमें ह्यलोकल से ग्लोबलह्न का साक्षात प्रदर्शन देखने को मिला। इस कार्यक्रम में भूटान के छात्र/छात्राओं के अलाव बिजनौर एवं अन्य शहरों के युवा और कई नामी चेहरे मॉडल रैंप पर उतरे। कराया गया, वहां के प्राकृतिक दृष्य को देख कर सभी ने भरपूर आनंद लिया। दर्शकों द्वारा बिजनौर महोत्सव के अंतर्गत 200 वर्षों की शानदार विरासत का जश्न मनाया और हैदरपुर वेटलैंड में एक खूबसूरत बर्ड वॉक का हिस्सा भी बने। वर्तमान समय में हैदरपुर वैटलैंड में पक्षियों की 333 प्रजाति मौजूद हैं। हैदरपुर वैटलैंड में भ्रमण के अलावा गंगा में मोटर बोट के साथ डाल्फिन को भी दिखाए जाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दर्शकों के लिए यहां के शांत एवं प्राकृतिक वातावरण में प्रवासी और स्थानीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों को सभी पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए अभिभूत और अविस्मरणीय रहा। बिजनौर महोत्सव के उपलक्ष में जिला प्रशासन एवं राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उ०प्र० लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तर के 15 कलाकारों की चित्रकला कार्यशाला आरबीडी डिग्री कॉलेज बिजनौर में आयोजित की गई, जिसमें बिजनौर की संस्कृति से संबंधित पेंटिंग बनाने वाले बनारस, इलाहाबाद, लखनऊ, मथुरा, बुलंदशहर, आदि जिलों से वरिष्ठ कलाकारों द्वारा यहां के धार्मिक, सांस्कृति, पौराणिक स्थलों एवं व्यक्तियों का भव्य रूप से चित्रांकन किया गया। चित्रकारों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में बनायी गयी विभिन्न प्रकार की सुंदर कला कृतियों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनसे चित्रकारी को बनाने के पीछे के उद्देश्यों एवं विचारों को जाना। साथ ही उन्होंने चित्रकार शिविर में लगे जिला बिजनौर के महानुभावों एवं महान विभूतियों के जीवन परिचय पर आधारित पोस्टरों का अवलोकन भी किया। परिधान ? पारंपरिक फैशन शो समारोह के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं भारी संख्या में विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्र एवं छात्राएं, शहर के गणमान्य और अवाम उपस्थित रही।

# बिजनौर पोषण तथा स्वच्छता विषय के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**हल्दौर।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान हल्दौर पर एनआर एलएम के अन्तर्गत पोषण तथा स्वच्छता विषय पर तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को प्रशिक्षण प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह, सह प्रभारी तथा जिला रिसोर्स पर्सन ममता शर्मा ने प्रतिभागियों को स्मृति प्रतीक चिह्न वितरण कर किया। जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में जनपद के विकास खण्ड हलदौर व सियोहारा के ग्राम संगठन की 69 महिला पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया है। ममता शर्मा द्वारा सन्तुलित भोजन, साफ सफाई, शिक्षा, पर चर्चा की कहा कि यदि साफ स्वच्छ रहेंगे तो विभिन्न रोगों से स्वतः ही दूर रहेंगे। ब्लॉक मिशन मैनेजर ऋऋतु द्वारा स्वच्छता के महत्व, गंदगी से होंने वालीं बीमारी तथा बचाव के लिए उपाय सुझाए तथा भोजन में पूर्ण आहार, दूध, फल आदि शामिल करने के लिए सुझाव दिए। इनके अलावा बीआरपी सुनीता व कविता द्वारा संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर स्टाफ का सहयोग रहा।

### बिजनौर में ट्रिपल मर्डर, पति-पत्नी, बेटे की हत्या

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह

उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में आज उस समय हंगामा मच गया जब दो अलग कमरे में खून से लथपथ मिली लाशें, मौके पर भारी भीड़ मौजूद बिजनौर में पति-पत्नी और बेटे की हत्या कर दी गई। तीनों की खून से लथपथ लाश घर के दो कमरों में मिली हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। फॉरेंसिक और डॉग स्कवायड को बुलाया गया है। वारदात शहर कोतवाली के मिर्दगान स्थित खस्सो इलाके की है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की शिनाख्त भूरा (50) उसकी पत्नी उबैदा (45) और बेटे याकूब का खून से लथपथ शव मिला है। हत्या क्यों की गई। कैसे की गई? इसकी पड़ताल की जा रही है। सीओ सिटी संग्राम सिंह, शहर कोतवाल उदय प्रताप मौके पर पहुंच चुके हैं।

### यूपी में 67 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने नहीं भरा बिल, ब्याज माफी योजना की मांग



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 67 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता कई वर्षों से बिल नहीं भर रहे हैं। इनमें से करीब 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कागजों पर हैं लेकिन वास्तव में उनके घरों में बिजली की आपूर्ति नहीं की जा सकी है। उपभोक्ताओं की मांग है कि बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी योजना लागू की जाए। परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि तमाम उपभोक्ता इसलिए बिल नहीं जमा कर रहे हैं क्योंकि उन्हें एक साथ कई माह का बिल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 24 मई 2024 के तक पश्चिमांचल में 2,71,511 उपभोक्ताओं ने कभी बिजली का बिल नहीं जमा किया। इसी प्रकार दक्षिणांचल में 8,70,301 उपभोक्ता, मध्यांचल में 22,62,198 उपभोक्ताओं ने कभी बिजली का बिल नहीं जमा किया। पूर्वांचल में 33,17,368, केस्को में 19,740 उपभोक्ताओं ने कभी भी बिजली का बिल जमा नहीं किया है।

# बिजनौर में बेहोश कर युवती से रेप: सुबह गन्ने के खेत में निर्वस्त्र मिली युवती, आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़




रिपोर्ट रोहित कुमार

उत्तर प्रदेश के जिला बिजनोर की तहसील बिजनोर के नांगल क्षेत्र में युवती को नशीला पदार्थ सूंघाकर गन्ने के खेत में ले जाकर रेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी का चालान कर जेल भेजने की कवायद में जुटी है।दरअसल पूरा मामला नंगल थाना क्षेत्र का है। जहां के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात को उनके परिवार के एक व्यक्ति के यहां कीर्तन का आयोजन हो रहा था। इस कीर्तन में उसकी मां और बहन गए हुए थे, देर रात करीब 10:00 बजे उसकी बहन टॉयलेट करने के लिए कीर्तन से उठकर अपने घर जा रही थी।

**सुबह खेत में पड़ी मिली युवती:** इसी दौरान रास्ते में एक व्यक्ति ने उसे नशीला पदार्थ सुनकर बेहोश करके जबरन अपने साथ ले गया और उसकी बहन को लगभग 100 मीटर दूर गाने के खेत में ले जाकर उसके साथ जबरन रेप किया। पुलिस का कहना है कि आज सुबह उसकी बहन गाने के खेत में पड़ी थी, उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। आरोपी पुलिस की हिरासत में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया और कानूनी कार्रवाई में जुट गई। नजीबाबाद सीओ देश दीपक का कहना है कि एक व्यक्तिने नांगल थाने पर तहरीर देकर बताया कि कल रात 10:00 बजे उसकी बहन के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने नशीला पदार्थ सुंघाकर गन्ने खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अफजलगढ़ गोदाम इंचार्ज द्वारा किसानों के साथ अभद्रता करने के मामले मे माफी मांग अपना पीछा छुड़ाया

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**अफजलगढ़।** नगर में स्थित कासमपुरगढ़ी सहकारी समिति कार्यालय पर एक मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमे किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा सोसायटी गोदाम इंचार्ज द्वारा किसानों के साथ अभद्रता करने के मामले में किसानों द्वारा सोसायटी का घेराव किया गया व गोदाम इंचार्ज द्वारा किसानों से माफी मांग अपना पीछा छुड़ाया। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक नगर में स्थित कासमपुरगढ़ी सहकारी समिति कार्यालय पर एक मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने किसानो की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की इसके अलावा उन्होंने प्रशासन से शीघ्र ही किसानों की फसलों को क्षेत्र में जंगली जानवर बर्बाद कर रहे है। उन्होंने जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की अफजलगढ़ क्षेत्र के जिन मौजों अफजलगढ़ बिजनौर की खतौनी बंद है। उनकी खतौनी तुरंत खोली जाए। वही बैठक में वक्ताओं ने कहा किसी भी सोसाइटी के द्वारा खाद के बोरे के नैनो की बोतल दी तो अंजाम घातक होगा। अगर क्षेत्र के किसी भी किसान को खाद की आवश्यकता पड़ती है। तो गोदाम इंचार्ज किसान को खाद उपलब्ध करायेगा। अफजलगढ़ के अंतर्गत जितने भी बिजली घर है। उनकी छमता वृद्धि के सम्बन्ध में चर्चा हुई और बिजली विभाग ने जो दो किलो वाट के कर दिये है। तो बिजली विभाग समय रहते लोड चेक कर किलोवाट कम करदे। अन्यथा किसान आन्दोलन करने में विवश होगा। इसके अलावा अफजलगढ़ क्षेत्र में सोसायटी गोदाम इंचार्ज विजेंद्र सिंह द्वारा किसानों के साथ अभद्रता करने के मामले में किसानों द्वारा सोसायटी का घेराव किया गया व गोदाम इंचार्ज विजेंद्र सिंह द्वारा किसानों से माफी मांगकर अपना पीछा छुड़ाया। बैठक की अध्यक्षता सरदार हरि सिंह व संचालन राणा सिंह सैनी ने किया। इस मौके पर मुख्तियार सिंह के आलावा नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर, जसपाल सिंह, तरसेम सिंह, मिल्खा सिंह, राणा सिंह सैनी, रमेशचन्द्र शेखावत, धर्म सिंह, मोहम्मद अशरफ, राजपाल सिंह, महबूब खान, नफीस अहमद, सभासद रिजवान अहमद, शाहिद हुसैन तथा रईस अहमद आदि किसान मौजूद रहे।

# बिजनौर जिलाधिकारी द्वारा नुमाइश ग्राउंड में चल रहे बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया

लोकतंत्र की आवाज



राजेन्द्र चौहान की रिपोर्ट

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा आज अपरान्ह 02:00 बजे तक स्थाननीय नुमाइश ग्राउंड में चल रहे बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय बिजनौर महोत्सव के आयोजन को एतिहासिक, अविस्मरणीय, भव्यता एवं सफल रूप से सम्पन्न कराने में शासकीय विभागों के अलावा अशासकीय संस्थाओं का विशेष योगदान रहा है। यही कारण है कि यह महोत्व सरकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं बल्कि अवामी रूप में पूरे उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता के कारण ही बिजनौर महोत्सव के सफल आयोजन में कामयाबी मिली है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बिजनौर की शानदार प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृति, साहित्यिक पृष्ठभूमि तथा विभिन्न उद्योगों, कलाओं और संपदाओं से समृध बिजनौर की विरासत का मैसेज देश और विदेश में गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रवासी बिजनौर ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर निवेश एवं विकास के लिए अपनी भूमिका के प्रति आमादगी व्यक्त की है, यह बिजनौर महोत्सव के सफलता का प्रमाण है और यही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने बिजनौर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी शासकीय विभागों, उद्यौगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों, स्कूल के प्रबंधकों, मीडिया, आईएमए तथा विभिन्न स्तरों पर सहयोग प्रदान करने वालों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में बिजनौर महोत्सव एवं अन्य वृहद कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी भागीदारी इसी प्रकार निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला विकास अधिकारी श्रीमती रचना गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विकास कुमार, उद्योग बन्धु सीईओ अरविन्द कुमार, सौरभ कुमार, राहुल नील क्रिएटिव ग्राफर, महर्षि प्रशांत कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अशोक मधुप, गौरव मिश्रा, आशीष लोया, दीप अंजुम, सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्र एवं छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# पीलीभीत में भजपा विधायक के चचेरे भाई की हत्या

दैनिक लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह

उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत में भाजपा के विधायक के चाचा भाई की दबंगों ने पीट-पीटकर निर्बाण हत्या कर दी गाई उसके तुरंत दबंग आदमी भाग गए बताया जा रहा है कि शनिवार शाम 20 से ज्यादा दबंग घर में घुसे। पुरनपुर से विधायक बाबू राम पासवान के चचेरे भाई फूलचंद की नाबालिग पोती को खींचकर ले जाने लगे। फूलचंद ने रोका तो उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। घर के अन्य लोगों ने भी रोकने की कोशिश तो सभी को जमकर पीटा। हालांकि शोर-शराबा सुनकर जब गांव के लोग पहुंचे तो दबंग लड़की को छोड़कर भाग गए। घटना में विधायक के चचेरे भाई 70 साल के फूलचंद की मौके पर ही मौत हो गई। 7 अन्य घायलों को इलाज के लिए पूरनपूर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना घुंघचाई थाना क्षेत्र के उदराया की है।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी भी गांव में कैंप कर रहे हैं। दबंगों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। सीओ पूरनपुर विशाल चौधरी घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।सुबह भी हुआ था दोनों पक्षों में विवाद फूलचंद की बहू सुनीता ने बताया कि कल उनके बेटे सोमपाल का तिलक था। कल से ही दबंग उनकी बेटी को पीटने का प्रयास कर रहे थे। शनिवार सुबह भी विवाद हुआ था, वह महिला थाने में इसकी शिकायत करने गई थीं। लेकिन पुलिस नहीं आई। जिसके बाद दबंगों ने उनकी



बेटी को घर से खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी और उनके ससुर को पीटते-पीटते मार डाला। लड़की के भागने को लेकर दोनों पक्षों में थी रंजिश ग्रामीणों का कहना है कि कुछ महीने पहले फूलचंद की पोती को महेंद्र के घर आने-जाने वाला उनका एक रिश्ते का भाई भगा कर ले गया था। इस मामले में लड़की के परिजनों ने महेंद्र और उसके रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। परिजन मानते थे कि बेटी को भगाने में महेंद्र ने मदद की थी। पुलिस ने लड़की को बरामद किया तो उसने लड़के के पक्ष में बयान दिया था। इसके बाद मामला शांत हो गया था।

परिजन को शक था कि महेंद्र ने लड़की का बयान बदलवा दिया था। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच रंजिश थी। शनिवार को महेंद्र ने नाबालिग को घर से खींचने का प्रयास किया था। जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। जिसके बाद महेंद्र पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से फूलचंद के पक्ष के लोगों को पीटना शुरू कर दिया। जिससे फूलचंद की मौके पर ही मौत हो गई।भाई की हत्या की खबर सुन गांव पहुंचे भाजपा विधायक गांव में बवाल की सूचना मिलने पर सीओ समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स गांव पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वहीं, चचेरे भाई की हत्या की सूचना मिलने पर बीजेपी विधायक बाबू राम पासवान मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सीओ पूरनपुर विशाल चौधरी ने बताया, 2 पक्षों के बीच विवाद हुआ था। जिसमें एक बुजुर्ग की मारपीट के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। घटना को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## महाकुंभ: हिंदू सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करने वाले अखाड़ों में जुड़ा नया एजेंडा, जानें अब क्या है प्लान

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना

**प्रयागराज।** महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और ग्रीन कुंभ के रूप में आयोजित करने का योगी सरकार ने संकल्प लिया है. महाकुंभ के एजेंडे में भी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। प्रयागराज महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और ग्रीन कुंभ के रूप में आयोजित करने का योगी सरकार ने संकल्प लिया है. एक तरफ जहां कुंभ मेला प्रशासन इसके लिए निरंतर प्रयत्न कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अखाड़ों और संतों के महाकुंभ के एजेंडे में भी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है. निरंजनी अखाड़े के प्रयागराज स्थित मुख्यालय में 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव में पर्यावरण संरक्षण भी एक बिंदु था. अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने एबीपी न्यूज से खास बातचीत में कहा कि प्रकृति हैं तो मनुष्य है . इसलिए प्रकृति को बचाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण का विषय महत्वपूर्ण है. महाकुंभ में इस बार अखाड़ों के संत भी लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पैक्स का चुनाव आते ही चर्चा जोरो पर है।पर पैक्स की स्तिथी बस चुनाब भर क्षेत्र में सीमित है आप खुद देखिये पैक्स है क्या .....



सूरज यादव

मधुबनी :पैक्स (ढअउर) या प्राथमिक कृषि सहकारी समिति एक प्रकार की सहकारी संस्था है जो किसानों के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान करती है। यह समिति किसानों के बीच सहयोग और सामूहिक प्रयास से कृषि क्षेत्र में विकास और लाभ प्राप्त करने के लिए बनाई जाती है।पैक्स के मुख्य उद्देश्यः1. किसानों को बीज, उर्वरक, और कृषि मशीनरी प्रदान करना। 2. किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।3. किसानों को कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना।4. किसानों के उत्पादों का विपणन करना।5. किसानों के लिए बीमा और जोखिम प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना।पैक्स के लाभः1. किसानों को सस्ती दर पर बीज, उर्वरक, और कृषि मशीनरी मिलती है। 2. किसानों को वित्तीय सहायता मिलती है।3. किसानों को कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण मिलता है।4. किसानों के उत्पादों का विपणन होता है।5. किसानों के लिए बीमा और जोखिम प्रबंधन सेवाएं मिलती हैं।पैक्स के कार्यः1. किसानों का पंजीकरण करना।2. किसानों को बीज, उर्वरक, और कृषि मशीनरी प्रदान करना।3. किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।4. किसानों को कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना।5. किसानों के उत्पादों का विपणन करना।पैक्स के महत्वः1. किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करना।2. किसानों की उत्पादकता बढ़ाना।3. किसानों के लिए बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करना।4. किसानों के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास करना।5. किसानों के लिए नवाचार और तकनीक को बढ़ावा देना।

### दो प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल




दिलीपकुमार ठाकुर

वारिसनगर/समस्तीपुर। थाना कांड संख्या 274/24 के प्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र राय पेसर रामानंदन राय एवं संजय कुमार पेसर रविंदर राय साकिन पूरनाही को वारिसनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफतार कर माननीय न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते भेजा गया की पुस्टि थानाध्याक्ष निरंजन कुमार ने की है।

### वारिसनगर/समस्तीपुरशराब कारोबारी को भेजा जेल



दिलीपकुमार ठाकुर

वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना कांड संख्या 86/24 दिनांक 6 नवंबर 2024 धारा 30 ए बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अभियुक्त मनोज सदा पेसर स्व रामप्रीत सदा साकिन सारी थाना मथुरापुर जिला समस्तीपुर को. मथुरापुर थाना पुलिस के थानाध्याक्ष मुकेश कुमार एस आई अश्वथामा कुमार द्वारा अभियुक्त के घर से गिरफ्त मे ले माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते भेजा गया की पुस्टि एस एच ओ मुकेश कुमार ने की है ।

# गया:प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने बेलागंज विधानसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष जनसभा एवं विभिन्न गांवों का दौरा किया

**डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव आपलोगों का 30 वर्षो से ज्यादा से प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं**



लोक तंत्र की आवाज

**गया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 10 नवम्बर 24 को बेलागंज के नेयामतपूर स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी, किसानों के मसीहा कहे जाने वाले पंडित यदुनंदन शर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मेन गांव स्थिति बाबा कोटेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मेन, चढ़ता, कोरमथु, सहित दर्जनों गांवों के दौरा के बाद तूरी गांव में इंडिया गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार विश्वनाथ यादव के पक्ष में विशाल चुनावी सभा को संबोधित किया है। तुरी में आयोजित जनसभा की अध्यक्षता कोरमथू पंचायत के मुखिया अनिल कुमार ने किया तथा संचालन मदन शर्मा ने किया है।सभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विश्वनाथ यादव युवा, कर्मठ, होने के साथ–साथ आप मतदाता मालिकों के लिए वर्षो से सेवा करते आ रहे हैं। इनके पिता डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव आपलोगों का 30 वर्षो से ज्यादा से प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, बेलागंज के कोरमथू पंचायत जिसके बारे में आम लोग ना जाने क्या, क्या कहते थे, लेकिन आज इस पंचायत में विकास की रौशनी चारो दिशाओं मे नजर आ रही है।प्रो राम जतन सिन्हा ने कहा कि मेरा बेलागंज से बहुत पुराना लगाव है। बेलागंज क्रांतिकारियों, समाजवादीयों , कॉंग्रेसियो की भूमि रही है, यहां के मतदाता पूर्व की भांति इस बार भी इंडिया गठबंधन समर्थित राजद के युवा उम्मीदवार विश्वनाथ यादव को जिताने का काम करेंगे। इस सभा को गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जहानाबाद जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा। जहानाबाद जिला कॉंग्रेस प्रभारी पूर्व उप महापौर मोहन श्रीवास्तव, गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बेलागंज प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष राम विनय शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, गया जिला युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, जे ए न यू छात्र संघ के पूर्व महासचिव विपिन बिहारी सिन्हा, सत्येंद्र नारायण सिंह, बृजमोहन शर्मा, रेवती रमन, मनोज कुमार शर्मा , ललन दास , अरविंद शर्मा, प्रदीप शर्मा, मोहम्मद अजहरुद्दीन, टीकारी नगर पारिषद अध्यक्ष अजहर इमाम, विजय शर्मा, टीकारी प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष नाथून पासवान, आदि ने संबोधित किया है।

## अक्षय नवमी के अवसर पर महिलाओं ने किया आंवला वृक्ष का पूजन।



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को अक्षय नवमी या और आंवला नवमी कहा जाता है ।मान्यता के अनुसार आंवला नवमी के दिन आंवला वृक्ष की पूजन करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं। मनुष्य के सभी पापों को हर लेते हैं । पीरपैंती प्रखंड के बाबा मनोकामना नाथ मंदिर, योगी वीर पहाड़ पर स्थित मंदिर, और ठाकुर बाड़ी में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ आंवला वृक्ष की पूजन करने के लिए लगी रही। महिलाओं ने वाला वृक्ष की पूजन की, उसकी परिक्रमा की, आंवला वृक्ष के नीचे भोजन बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया ।महिलाओं ने बताया कि बहुत दिनों से लगातार आंवला नवमी का व्रत कर रहे हैं, इससे सुख शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। आंवला नवमी के दिन महिलाओं ने भतूआ में गुप्त दान लेकर संकल्प कराया। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के नवमी तिथि को महत्व दान करने से और गरीबों को दान देने से मनुष्य की सभी कामनाएं पूर्ण हो जाती है। आरती देवी ,कुसुम देवी, पूजा देवी और पुष्पा देवी ने बताया की आंवला का पूजन भगवान विष्णु और लक्ष्मी को प्रसन्नता के लिए किया जाता है ।अपने परिवार के सलामती के लिए भी लोग आंवला वृक्ष की पूजन करते हैं।

## पीरपैंती गौशाला में स्थापित राधा कृष्ण के प्रतिमा का विसर्जन।



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** शेरमारी बाजार स्थित गौशाला में स्थापित राधा कृष्ण की मूर्ति का देर रात विसर्जन कर दिया गया ।दो दिवसीय मेला का आयोजन हुआ था। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल से ज्यादा और बेहतर इस साल मेला का आयोजन किया गया है ।मेला में आए हुए अनेक प्रकार के खेल तमाशा का लोगों ने जमकर के लुप्त उठाया ।महिलाओं के भीड़ श्रृंगार , मनिहारा के दुकान पर देखी गई ।बच्चों झूला पर विशेष ध्यान बनाए रहे। पूजा समिति में शामिल कृष्ण मोहन टिबरेवाल, बृजमोहन टिबरेवाल, मदन टिबरेवाल, अशोक कटारुका, मुन्ना चौधरी, संजय जौनपुरी इत्यादि सदस्य मेला संचालन का नियंत्रण कर रहे थे। थाना अध्यक्ष पीरपैंती नीरज कुमार दलबल के साथ मेले का निरीक्षण करते हुए नजर आए। कुछ अधिकारियों ने अपने बच्चे परिवार के साथ भी मेले का आनंद उठाया।

## तरारी उप चुनाव इंडिया गठबंधन की जीत होगी: राजीव रंजन तरारी में उप चुनाव में बीजेपी अपराधी को आगे कर चुनाव लड़ रही है: राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया



लोकतंत्र की आवाज

**आरा/भोजपुर।** तरारी उप चुनाव के लेकर राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत होगी। राजीव रंजन ने कहा कि 17 माह के कार्यकाल में 5 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का काम किया है, जो एक ऐतिहासिक कार्य है। आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव किसान, मजदूर और युवाओं के नेता बन गए हैं और बिहार की जनता उनके साथ है। भोजपुर जिले के तरारी उप चुनाव में राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने एनडीय गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि सभी गरीबों को पांच डिसमिल जमीन, पक्का आवास दो और तमिलनाडु के तर्ज पर 65% आरक्षण को नवमी अनुसूची में डालो तो तब नीतीश जी स्मार्ट मीटर और जमीन सर्वे का लाकर गरीबों को उजाड़ने की साजिश कर रहे हैं। बिहार में बच्चे स्कूल मांग रहे हैं तब भाजपा के नेता गिरिराज सिंह त्रिशूल की बात कर रहे हैं। जो गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों के हक अधिकार की लड़ाई में कुर्बानी देने की परंपरा है। दूसरी तरफ इस परंपरा को तहस–नहस करने के लिए ससामंती ताकतों की दबदबा, सांप्रदायिक हिंसा का माहौल बनाने के लिए अपराधियों का मनोबल बढ़ाने के लिए बीजेपी यह साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में अपराधी को आगे कर चुनाव लड़ रही है। इसलिए 13 तारीख को झंडे पर तीन तारा पर इतना बटन दबाएं की रिकार्ड मतों से राजू जी जीत जाए और सामंती – अपराधी ताकतों का हौसला पस्त हो जाए।

## गया:मुख्यमंत्री ने बेलागंज विपक्ष पर जमकर निशाना साधा,इस बार विकास को वोट करे



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को मनोरमा देवी के लिए वोट मांगने बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे हैं जहा बेलागंज पड़ाव पर सभा किया है।वही सीएम नीतीश कुमार को बड़ा माला पहनकर भी स्वागत किया गया है।जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो मनोरमा देवी को भारी मतों से जिताने का अनुरोध करने आए है। बताइए कौन लोग राज करते थे? वह लोग अनाप–शनाप बोलते हैं। पहले यह लोग क्या किया था। शाम को कोई निकलता नहीं था। मुसलमान का वोट तोड़ने का काम करता था। हिन्दू मुस्लिम का वोट तोड़ने का काम करता था। जब काम करना शुरू किया तो हर प्रकार का कार्य किया है, सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हिंदू मुस्लिम का झगड़ा होता था। जब से शासन में आए तो यह बंद कर दिया है। अब कोई झगड़ा नहीं होता है। भारी संख्या में मुस्लमान लोगो ने वोट दिया था। कब्रिस्तान की घेराबंदी कराया है। आगे मुझे 1237 कब्रिस्तान की जानकारी मिली है, उसे भी पूरा करेंगे। मूर्ति चोरी की घटनाएं अब नहीं होती है यह उदाहरण है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कितना काम किया याद कीजिएगा भूलिएगा नहीं। वही सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमने जो विकास किया है उस विकास के नाम पर बेलागंज की जनता हमारे प्रत्याशी मनोरमा देवी को भारी से भारी मतों से विजय बनाएं।इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू संजय झा, बिहार सरकार के मंत्री, पूर्व प्रमुख नगर ब्लाक सुचिता रंजनी, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रेम प्रकाश चिंटू,, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, जदयू जिलाध्यक्ष, मिडिया प्रभारी अवध बिहारी पटेल, अजय कुशवाहा,, मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह आदी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को ले जन सुराज की बैठक सम्मेलन की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** पताही, आगामी 13 नवंबर को पताही प्रखंड क्षेत्र के सरैया गोपाल पंचायत स्थित महमदी में आयोजित होने वाले जन सुराज कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर महमदी में पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम आयोजक संजय झा उर्फ़ मिठू झा ने सभी पंचायत अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 13 नवंबर को महमदी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति शानदार हो इसके लिये सभी तैयार रहें। उन्होंने वहां उपस्थित पार्टी के पंचायत अध्यक्षों से कहा कि वे अपनी अपनी पंचायतों में कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करें व अधिकाधिक लोगों को सम्मेलन में भाग लेने की तैयारियां सुनिश्चित करें। समारोह में सक्रिय कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश कार्यकारी सदस्य सह पूर्व चिरैया विधानसभा प्रत्याशी ई. संजय कुमार, सचिन सिंह, सजीव पाठक, अभियान समिति संयोजक संजय कुमार सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीरपैंती:461 वें मासिक सत्संग का द्विदिवसीय आयोजन सम्पन्न।



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के मधुवन टोला ग्राम में द्विदिवसीय मासिक सत्संग के अंतिम दिन का आयोजन दो पालियों में संपन्न हुआ। इस सुअवसर पर महर्षि मेंहीं मठ, आर्य टोला सबौर के संस्थापक और आचार्य स्वामी वेदानंद जी महाराज ने कहा कि ईश्वर वह परम तत्व है, जो आत्मा से जाना जाता है। मनुष्य शरीर के महत्व को प्रकाशित करते हुए आपने कहा कि यह साधनाओं का घर है , जिसमें मोक्ष का द्वार लगा हुआ है। इसको जानने के लिए योग्य गुरु के साथ–साथ सद्युक्ति की भी आवश्यकता होती है, जिससे मोक्ष के मार्ग का पता चलता है। महर्षि मेंहीं हृदय–पीठ के संस्थापक और आचार्य डा.परमानंद साहब ने बताया कि खाना–पीना, सोना, डरना और संतानोत्पत्ति करना; ये सारे कार्य मनुष्य और मनुष्येतर प्राणियों में समान रूप से पाए जाते हैं। केवल ज्ञान ही मनुष्य को पशु से भिन्न करता है। इस सुअवसर पर स्वामी जगपारानंद जी, स्वामी लालधारी जी, दिनेश दास जी आदि महात्माओं ने अपने विचार रक्खे। मंच–संचालन परशुराम यादव जी ने किया। स्वागत गान का गायन अजित यादव ने किया। वहीं आयोजक की ओर से भंडारे की समुचित व्यवस्था की गयी थी।

## मोतिहारी:शिव मंदिर के प्रांगण से निकला गया शोभायात्रा 1108 कन्याओं की



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** पहाड़पुर प्रखंड के अंतर्गत पश्चिमी सरेया पंचायत के बरवा टोला गांव शिव मंदिर के प्रांगण में श्री श्री 108 श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि दिनांक 9 नंबर 2024 को शोभा यात्रा निकाली गयी। जिस शोभायात्रा में लड़कियों की संख्या 1108 बताई गई है। सभी जल यात्रा कन्याएं अपने मस्तक पर कलश लिए हुए कतार बाई कतर गंगा नदी की ओर जा रही थी। महायज्ञ की तिथि 10 नवंबर 2024 से प्रारंभ की जाएगी जिसमें खेल तमाशा के द्वारा दर्शकों को मनोरंजन कराया जाएगा। गंगा तट पर ब्राह्मण एवं आचार्य विकास मिश्रा के द्वारावेद मंत्र के साथ यजमान सहित कुंवारीकन्याओ को जल भरवाएंगे। इस जल से महायज्ञ की यज्ञ प्रारंभ की जाएगी। महायज्ञ की यजमान प्रेमचंद प्रसाद श्री राम साह रंजीत महतो पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद राधिका देवी गिरिजा देवी मैंना देवी यजमान की पद संभालेंगे।एलेंजा कोचिंग सेंटर के कुंदन पाठक ने बताया शोभायात्रा की कंट्रोल करने के लिए ग्रामीण गार्ड मौजूद है। कुंवारी कन्याओं को सुरक्षित तरीके से गंगा तट की ओर लेकर जा रहे हैं सभी ग्रामीण कुंवारी कन्याओं का सहयोग करेंगे। कुछ महिला गार्ड को रखा गया है जो कन्याओं के सहयोग करेगी कुंवारी कन्याओं का किसी प्रकार कोई कठिनाई न हो। मोहम्मद सज्जाद आलम के द्वारा कुंवारी कन्याओं के फलहार का व्यवस्था सेब किशमिश आदि की व्यवस्था किए हैं। कुंवारी कन्याओं को जल पिलाते हुए सुरक्षित तरीके से गंगा तट की ओर प्रस्थान किया जा रहा है। लड़कियों की सहयोग गांव के कुछ महिलाएं पानी के द्वारा पर धोती हुई दिखाई दी। श्री नारायण महायज्ञ का संचालन मुक्तिनाथ उर्फ अल्टर बाबा करेंगे। महायज्ञ में अयोध्या का अंतरराष्ट्रीय रामलीला पार्टी मौजूद रहेगी। मुख्य द्वार का रिबन मुक्तिनाथ उर्फ अल्टर बाबा के द्वारा कटवाकर महायज्ञ का शोभा यात्रा का उद्घाटन किया गया। पहाड़पुर थाना प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

## नप दलसिंहसराय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कला प्रबुद्ध सम्मान से सम्मानित हुए कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। नगर परिषद दलसिंहसराय द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के कला शिक्षक एवं मूर्तिकार राजेश कुमार को उनके उत्कृष्ट कला क्षेत्र में योगदान के लिए कला प्रबुद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके समर्पित प्रयासों और कला के क्षेत्र में उनकी अभूतपूर्व कार्यशैली के लिए दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया। राजेश कुमार के द्वारा कला के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी कला यात्रा में मूर्तिकला, चित्रकला, और अन्य कला शैलियों में अपार योगदान दिया है, जिससे अररिया सहित पूरे राज्य में कला की सराहना और विकास हुआ है। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजेश कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान मेरे लिए एक बड़ी प्रेरणा है। मुझे उम्मीद है कि इस सम्मान से मुझे और भी अधिक उत्साह मिलेगा ताकि मैं कला के माध्यम से समाज की सेवा कर सकूं। उन्होंने इस अवसर पर कला के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कला न केवल सौंदर्य को बढ़ाती है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित थे, जिन्होंने राजेश कुमार की कला के प्रति प्रतिबद्धता और उनके समर्पण की सराहना की। इस कार्यक्रम ने कला के क्षेत्र में उनकी यात्रा को और भी मान्यता दी और समाज में कला की जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

## कई जगहों पर झुका है बिजली का पोल, हादसे की आशंका बढ़ी

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा संवाददाता। बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में बिजली विभाग के उदासीनता के कारण कई जगहों पर धारा प्रवाहित बिजली के तार खंभे से झुककर जमीन को छू रहा है, तो कहीं पेड़ों को छू रहे हैं। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। इससे अधिकांश स्थानों पर बिजली की स्थिति चरमराई रहती है। रसलपुर पंचायत के मुरली बोरवा के समीप सड़क किनारे लगभग 06 माह से बिजली पोल सहित तार झुका हुआ है। कहीं पेड़ों से होकर गुजर रही बिजली के तार मौत को आमंत्रित दे रही है। जबकि खंभे से लटकते बिजली तार खेतों में काम करने वालों को दुर्घटना का शिकार बना सकते हैं। सड़क किनारे मवेशी चारा करवा रहे पशुपालक का कहना है कि इस विषय में लाइनमैन को कई बार कहा गया लेकिन बावजूद विभाग द्वारा पेड़ों की लापिग करने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से खतरा बने पेड़ों की लापिग करने और बिजली की लाइनों को दुरुस्त करने की मांग की है। इस संबंध में बनमा ईटहरी के कनीय अभियंता नंदकिशोर कुमार ने बताया कि लाइनमेन को भेज कर ठीक करवा दिया जाएगा।

## सहरसा में राज्य स्तरीय अंडर–14 क्रिकेट आज से आगाज

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता।बिहार सरकार के खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वावधान में आज से आगामी 16 नवंबर तक राज्य स्तरीय विद्यालय अंडर– 14 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम व पटेल मैदान में शुरू होगा। सात दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 6 मैच खेला जाएगा। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वाह्न 11 बजे डीएम वैभव चौधरी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक तथा विशिष्टि अतिथि के रूप में डीडीसी एवं एडीएम शरीक होंगे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 38 जिलों की टीमें भाग लेंगी। जो टीम विजेता घोषित होगी उसे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में शिरकत करने का अवसर प्राप्त होगा। इस सात दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन यानी रविवार को मुंगेर बनाम पटना, मधुबनी बनाम समस्तीपुर, वैशाली बनाम जहानाबाद, मुजफ्फरपुर बनाम शिवहर, सीतामढ़ी बनाम अरवल तथा सुपौल बनाम किशनगंज के बीच मैच आउटडोर स्टेडियम एवं पटेल मैदान में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का आवासन स्थानीय खेल सह व्यायामशाला भवन में कराया गया है।

## अब कलाकारों को मिलेगा रंगमंच

लोकतंत्र की आवाज

सौरबाजार, सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के अजगैवा पंचायत स्थित भेलवा गांव में छठ पूजा मेला प्रांगण में शुक्रवार को सदर विधायक सह विधानसभा सचेतक डॉ आलोक रंजन ने 12 लाख 98 हजार की लागत से बने रंगमंच का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार हमेशा लोगों के हित के लिए काम कर रही है जिस कारण आज हमारा बिहार, देश प्रतिदिन विकास की नई उंचाई पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मेला से आपसी भाईचारा और गांव का समाजिक विकास का भी माध्यम है। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय लोगों के द्वारा विधायक को सम्मानित किया गया। सरयूग प्रसाद यादव की अध्यक्षता एवं कुंवर पंडित के संचालन में मौके पर संतोष मेहता, बिजेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव, अंजनी यादव, अनमोल भगत, मनोज यादव, कैलाश साह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वर्गीय बासुकी प्रसाद जायसवाल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (अररिया प्रीमियर लीग –2) का भव्य समापन

लोक तंत्र की आवाज

### मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजसेवी संजय मिश्रा



**अररिया।** अररिया में आयोजित स्वर्गीय बासुकी प्रसाद जायसवाल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत अररिया प्रीमियर लीग–2 का रोमांचक फाइनल मुकाबला आज धूमधाम से संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य न केवल क्रिकेट को बढ़ावा देना था, बल्कि क्षेत्रीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और खेल के माध्यम से सामुदायिक एकता को मजबूत करना था।

फाइनल मैच का विवरण मुकाबले में आयुष इलेवन क्रिकेट क्लब ने एम एस सी सी फारबिसगंज को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। एम एस सी सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.5 ओवर में 95 रन बनाए। जवाब में आयुष इलेवन ने 12.5 ओवर में 99 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। मैच में कैफ रवाडा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ₹मैन ऑफ द मैच₹ का खिताब दिया गया।

**मुख्य अतिथि संजय मिश्रा का योगदान :** समारोह के मुख्य अतिथि, समाजसेवी और एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, साथ ही अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसी महत्वपूर्ण आदतें भी सिखाता है। संजय मिश्रा जी ने टूर्नामेंट के आयोजकों को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने इस आयोजन को स्वर्गीय बासुकी प्रसाद जायसवाल की स्मृति को समर्पित किया, जो इस टूर्नामेंट के प्रेरणास्त्रोत थे।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति :** फाइनल मैच के अवसर पर कई सम्माननीय व्यक्तित्व उपस्थित थे, जिनमें पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल अररिया के निदेशक जाकी उल होदा, वरिष्ठ खिलाड़ी रवि शंकर, शबा अकबर, समीम हैदर, और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। इन सभी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और टूर्नामेंट के समापन को ऐतिहासिक बनाने में अपनी उपस्थिति से योगदान दिया।

**आयोजन का महत्व :** यह टूर्नामेंट सिर्फ एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं थी, बल्कि यह एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में सामने आया, जहां विभिन्न सामाजिक और समुदायिक पहलुओं को भी बढ़ावा मिला। आयोजकों ने इस अवसर को खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनाया। संजय मिश्रा ने टूर्नामेंट के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों, खिलाड़ियों, अंपायरों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹यह आयोजन न केवल क्रिकेट की भावना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि युवा पीढ़ी को स्वस्थ, प्रेरणादायक और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करता है। इस टूर्नामेंट के अंपायर जयप्रकाश गुप्ता और तंजील उस्मान ने अपनी निष्पक्षता और निष्कलंक निर्णयों से मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराया। आयोजन टीम की प्रतिबद्धता और समर्पण ने टूर्नामेंट को एक उच्च मानक पर आयोजित किया।

आयोजकों ने इस टूर्नामेंट के सफल समापन के बाद इसे हर साल आयोजित करने की योजना बनाई है। संजय मिश्रा ने इस प्रकार के आयोजनों की अहमियत को समझते हुए कहा कि इनसे न केवल खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि युवाओं का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होता है। इस आयोजन ने अररिया के खेल इतिहास में एक नई मिसाल कायम की है, और यह उम्मीद की जाती है कि आने वाले वर्षों में यह और भी बड़ा और प्रभावी रूप में आयोजित होगा।

## रेल क्षेत्र में मनमाने तरीके से दुकान बना कर बसाने का आरोप, प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन के पास गुप–चुप ढंग से दुकान बना कर आवंटित करने करने के विरोध में पहले से रशीदधारी दुकानदारों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्निर्माण कार्य को लेकर कुछ माह पूर्व स्टेशन परिसर के आसपास मालगोदाम रोड में रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था। स्टेशन से उत्तर सभी रशीद धारी दुकानदारों की दुकानों को हटा दिया गया था। हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों ने रेल के पदाधिकारी स्नेह रंजन पर गलत ढंग से प्लॉट आवंटित किए जाने का आरोप लगाया। मालगोदाम रोड निवासी सीता देवी, फिरोज आलम, मो परवेज अख्तर, संजय भगत, सरिता देवी, धर्मवीर दास, शकील आलम, उमेश रजक, सोमनी देवी ने कहा कि रेलवे परिसर में पुनः रेल पदाधिकारी द्वारा किसी को बसाना ही था तो पूर्व में बसे लोगों की दुकानों पर क्यों जेसीबी चलाया गया। अगर बसाना भी है तो पुनः हटाए गए लोगों को ही बसाया जाए। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक–एक प्लॉट पर बिचौलियों के माध्यम से मोटी रकम वसूली गयी है। प्रदर्शनकारी में शामिल मनोज भगत ने बताया उन्हें रेल पदाधिकारी के बिचौलिए द्वारा ऑफर दिया गया था कि ?3 लाख रुपए की व्यवस्था करो तो तुम्हें भी प्लॉट दे दिया जाएगा। इधर वरीय पदाधिकारी के निर्देश प्राप्त होते जेसीबी के साथ कुछ मजदूर निर्माण स्थल पर पहुंचे जहां हंगामा कर रहे हैं।

## महिषी के झखड़ा गांव में महिला की संदेहास्पद स्थिति में लाश बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**महिषी सहरसा संवाददाता।** महिषी थाना क्षेत्र के घोंघेपुर पंचायत के झखड़ा गांव में एक महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया। झखड़ा निवासी लक्ष्मण साह की करीब 20 वर्षीया पत्नी सबिता का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। मौत के कारणों की कोई स्पष्ट जानकारी अबतक नहीं मिल पायी है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार ससुराल वाले जब सुबह का अर्घ्य देने के बाद छठ घाट से वापस घर लौटे तो बहू सबिता का कमरा बंद पाया। ससुराल वालों के द्वारा काफी देर तक बहू को आवाज लगाकर दरबाजा खोलने को कहा गया। काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो फिर धक्का देकर दरवाजा खोला गया। घर के बरेरी से रस्सी के सहारे फंदे में लटकता बहू का शव देख परिजन शोर मचाने लगे।

घटना की सूचना विवाहिता के मायके वालों सहित महिषी थाना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही महिषी थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, एएसआई तारकेश्वर राम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर एसएफएल की टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल किया। मायके वालों ने हत्या का लगाया आरोप : सिसौना निवासी कमलेश्वरी साह की बेटी सबिता की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व झखड़ा निवासी लक्ष्मण साह के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। दोनों से करीब एक वर्षीय एक पुत्र भी है। छठ पर्व में अपनी बहन की विदाई करवाने उसके भाई अजय साह उसके ससुराल गया हुआ था, लेकिन ससुराल वालों ने विदाई नहीं दी और छठ पर्व के सुबह उनके बहन के मौत की सूचना उन्हें मिली। लड़की के भाई वकील साह एवं अजय साह ने ससुराल वालों पर बहन की हत्या कर लाश को फंदे से लटका देने का आरोप लगाया है थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला के मौत . का कोई स्पष्ट कारण अबतक नहीं पता चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की सही जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि अबतक आवेदन नहीं मिला है।

## अररिया की लाईफ सेवियर फाऊंडेशन को समस्तीपुर में मिला सवीत्तम सम्मान, समाज सेवा में योगदान की सराहना

लोक तंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** बिहार झ अररिया जिले की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लाईफ सेवियर फाऊंडेशन को समस्तीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बुक बैंक संस्था द्वारा सवीत्तम सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान संस्था द्वारा किए जा रहे विविध सामाजिक कार्यों, जैसे रक्तदान, कन्यादान, गरीबों की आर्थिक मदद, कृत्रिम अंग प्रदान करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए दिया गया।

संस्था की ओर से बताया गया कि उन्होंने अब तक दो हजार से अधिक लोगों को रक्तदान सेवा दी है, दो दर्जन से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर बेहतर इलाज सुनिश्चित किया है, चार कन्याओं का कन्यादान किया है, और दो लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान किए हैं। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था लगातार जागरूकता कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन भी करती रही है। संस्था के कार्यक्षेत्र में अररिया के अलावा अन्य जिलों जैसे पटना, मधुबनी, जयनगर, बंगाल, पुर्णियाँ, और मधेपुरा में भी उनकी सेवाएँ पहुँच चुकी हैं। बुक बैंक संस्था के माध्यम से समस्तीपुर में आयोजित इस सम्मान समारोह में ₹लाईफ सेवियर फाऊंडेशन₹ के योगदान को स्वीकार किया गया और संस्था के सदस्यों को उनके अथक प्रयासों के लिए प्रशंसा प्राप्त हुई।

संस्था के सचिव आदित्य भगत, कोषाध्यक्ष रजत रंजन, और मीडिया प्रभारी अंशु कन्नोजिया ने इस सम्मान को उनकी टीम के समर्पण और समाज सेवा में उनकी निरंतरता का फल बताया।

संस्था के अन्य सदस्य जैसे सुजीत झा, राहुल यादव, विपिन जयसवाल, सौरव दास, संजय तालुकदार, राजा दास, सुजीत सिंह, रितेश राणा, आदित्य सिंह और पवन साह ने भी इस सम्मान के लिए बधाई व्यक्त की और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा ली। ₹लाईफ सेवियर फाऊंडेशन₹ के कार्यों का उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों तक मदद पहुँचाना और उनके जीवन को सुधारना है। इस सम्मान से संस्था की न केवल प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि यह अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों को भी समाज सेवा के कार्यों में प्रेरित करेगा। सवीत्तम

## जर्जर सड़क बन रही सिमरी की पहचान

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा संवाददाता।** नगर पंचायत से नगर परिषद में तो सिमरी बख्तियारपुर उत्क्रमित हो गया पर सुविधा में विकास अब तक नहीं झलक रहा है। जिस अपेक्षा की लोगों को आशंका थी उसकी कमी अब तक झलक रही है। सड़क, पेयजल, बिजली की रानीहाट–सिमरी सड़क काफी जर्जर है। जर्जरता की स्थिति ये है कि पैदल चलना भी लोगो को मुश्किल हो रहा है। रानीहाट सिमरी की सड़क पर बड़े बड़े गढ़े बन रहे है। नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर में हर वित्तीय वर्ष में सड़क, नाली सहित अन्य कार्य के खूब खर्च होता है, वावजूद लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब नगर पंचायत बना था, तब ही उस समय के 14 वार्ड में बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था।

कमोवेश अधिकांश लाइट खराब हो गया है। जो लाइट खराब है, वो ठीक नहीं हो रहा है, जिन कारण लाइट के नहीं रहने से नगर के अधिकांश गली अंधेरे में रहते है। अब नगर पंचायत के नगर परिषद बने लगभग दो वर्ष से ज्यादा समय हो गया है। वावजूद नगर पंचायत के समय बिजली के खंभे में लगे लाइट कही कही जल रही है। अब 28 वार्ड का नगर परिषद बन गया है। जिसमें दो पंचायत खमहोती एवं सिमरी को जोड़ा गया है। लेकिन इन दोनो पंचायत में नगर की तरफ से अभी तक लाइट नहीं लगाया गया है। जिन कारण इन दोनो पंचायत के 14 वार्ड तो अंधेरे में ही है, जिन वार्ड में पूर्व में लगा वो भी लगभग खराब हो गया है।

भूमिहीन को जमीन देने में कोई दिलचस्पी नहींः नगर परिषद में काफी संख्या में ऐसे परिवार भी है, जो सड़क के किनारे या बिहार सरकार के जमीन पर किसी तरह जीवन यापन करते है। लेकिन इन लोगो को जमीन दिलाने के किसी भी तरह का दिलचस्पी नहीं लिया गया। नगर में सेकडो की संख्या में दलित एवं महादलित परिवार है, जिनके पास रहने के लिए एक इंच भी जमीन नहीं है।

### क्या कहते है कार्यपालक पदाधिकारी

सिमरी बख्तियारपुर नगर के कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास ने बताया कि नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने का सरकार का एक पत्र आया है। प्रत्येक वार्ड में सर्वे कर लाइट लगाया जाएगा। सर्वे कराने को लेकर जनवरी में आयोजित बैठक में फैसला लिया जाएगा। साथ ही भूमिहीन को जमीन मुहैया कराने का कार्य अंचल है। नगर सरकार के योजना के तहत जिन लोगों के पास घर नहीं है, उनलोगों का सर्वे कर बहुदेशीय भवन बनाने का सरकार का प्रस्ताव है। जो फिलहाल पटना से शुरू हुआ है। आगे सरकार के निर्देश पर जब अन्य नगर में बनाने का आदेश आएगा तो उस पर करवाई किया जाएगा।

## तेगाछिया में भव्य छठ महोत्सव का आयोजन, मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी संजय मिश्रा हुए शामिल

### दो दिवसीय छठ महापर्व सम्पन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब



लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** वार्ड नंबर 9, तेगछिया (किस्मत खवासपुर, विसहरी स्थान के पास) में छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य छठ महोत्सव में एसडीएम ग्रुप के संस्थापक और वरीय समाजसेवी संजय मिश्रा और जिला परिषद प्रत्याशी विजय सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस महापर्व के दौरान दोनों ने छठ पूजा के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और आयोजन की भव्यता को सराहा।

**मुख्य अतिथि का संबोधन :** संजय मिश्रा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा, ₹छठ पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में एकता, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश भी देती है। इस अवसर पर हम सभी को समाज के समग्र विकास की दिशा में काम करने की प्रेरणा मिलती है।₹ उन्होंने छठ पूजा के दौरान होने वाली सामूहिक गतिविधियों को समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का एक प्रभावी साधन बताया। विजय सिंह चौहान, जो इस आयोजन के मुख्य आयोजक भी थे, ने अपने संबोधन में कहा, ₹छठ पूजा हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, और यह आयोजन हमारे समाज को एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस महापर्व के माध्यम से हम सभी के बीच सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना को प्रगाढ़ कर सकते हैं।₹ उन्होंने आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन के लिए समस्त समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।दो दिवसीय इस महापर्व के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लक्ष्य म्यूजिकल ग्रुप, कोलकाता ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। संगीत और नृत्य के इस अनूठे संयोजन ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में मनी शर्मा, मुल्ला कुमार, आशीष कुमार, पंकज सिंह, और अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा अनील कुमार, सुधीर कुमार, सुभाष कुमार, रंजन कुमार, भानु कुमार, कुंदन कुमार, छोटू कुमार, विरंजी कुमार, अरविंद कुमार, रोशन कुमार, और सुयोग सिंह ने भी आयोजन की सफलता में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्रद्धा भाव से सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण बताया, और भविष्य में इसे इसी भव्यता से हर साल आयोजित करने की अपील की।आयोजकों ने इस कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में इसे और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई है। इस आयोजन ने न केवल छठ पूजा के धार्मिक महत्व को बढ़ाया, बल्कि स्थानीय लोगों को एकजुट कर सामूहिक सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा दिया।

## सहरसा-मानसी 45 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण का डीपीआर तैयार, कंपनी ने समस्तीपुर मंडल को सौंपा

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** कोसी क्षेत्र का लाइफ लाइन सहरसा– मानसी के बीच 45 कि.मी. रेलखंड के दोहरीकरण (डबल लाइन) योजना का सर्वे के बाद डीपीआर कर लिया गया है। इस योजना का फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए बहाल कंसल्टेंट एजेंसी पटना की मेसर्स स्काई लार्क डिजाइनर एंड इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड ने ही डीपीआर तैयार कर समस्तीपुर मंडल को सौंप दिया है। अब इस डीपीआर के लिए वित्तीय पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही राशि स्वीकृति के लिए डीपीआर रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा।

सहरसा मानसी रेलखंड पर रेल लाइन दोहरीकरण को लेकर फाइनल लोकेशन सर्वे कुछ दिन पूर्व ही पटना की मेसर्स स्काईलार्क डिजायनर एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संपन्न किया गया था। रेल अधिकारी के अनुसार डबल लाइन के डीपीआर में रेल विद्युतीकरण कार्य सहित चालू सिंगल लाइन की मरम्मती भी शामिल है। सहरसा मानसी रेल खंड के कंसल्टेंट एजेंसी के द्वारा मानसी से सहरसा तक 45 कि.मी दूरी में डबल लाइन निर्माण के लिए लेवलिंग, सरेखण, मिट्टी जांच व पुल निर्माण से संबंधित जीएडी तैयार किया गया है। रेलवे के अलायमेंट, पुल, अंडरपास, आरओबी व रेल फाटक की जरूरतों को आंकलन करते डीपीआर तैयार किया गया है। सर्वे में यह भी देखा गया है कि डबल लाइन बिछाने के लिए कौन सी जगह उपयुक्त होगा और माना गया है कि मानसी तरफ से वर्तमान में स्थित सिंगल लाइन के दाएं ओर से डबल लाइन बिछाना उपयुक्त रहेगा। सर्वे में देखा गया कि रेललाइन का अलायमेंट कैसा हो, कहां पर पुल, अंडरपास, आरओबी या रेल फाटक का निर्माण किया जाय। रेल अधिकारी के अनुसार डबल लाइन सर्वे के दौरान ही मानसी से सहरसा तक रेल विद्युतीकरण कार्य से संबंधित रिपोर्ट भी तैयार किए गए हैं। रेल विद्युतीकरण पर कितनी राशि खर्च आएगी उसे भी डीपीआर में शामिल किया गया।

## दहेज को ले महिला की हत्या का आरोप, रिपोर्ट

लोकतंत्र की आवाज

**महिषी सहरसा संवाददाता ।** शुक्रवार को झखड़ा में 20 वर्षीया महिला सबिता देवी की गले में फंदा लगा हुई संदेहास्पद मौत मामले में मृतका के भाई सिसौना निवासी अजय साह ने महिषी थाना में आवेदन देकर मृतका के ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना में हत्या करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि उसके बहन की शादी दो वर्ष पूर्व झखड़ा निवासी लालबहादुर साह के – छोटे पुत्र लक्ष्मण साह से हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद से ही उनके ससुराल वालों द्वारा एक लाख रुपया दहेज लाने के लिए उसपर दबाव बनाया जा रहा था। इस बात को लेकर उसकी बहन को, ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा प्रताड़ित भी किया जाता था। शुक्रवार सुबह उसके पति लक्ष्मण साह और सभी परिवार वालों ने चार पांच अज्ञात लोगों की मदद से उसके बहन के गले में रस्सी बांध बेरहमी से हत्या कर दिया। महिषी थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।


### साकेत अस्पताल के चिकित्सकों ने ऑपरेशन के दौरान जच्चा वह बच्चा की ले ली जान

लोकतंत्र की आवाज
सूरज यादव



मधुबनी। शहर के करौजीया क्षेत्र में चल रहा साकेत अस्पताल के चिकित्सकों ने एक जच्चा बच्चा के ऑपरेशन के दौरान मार डाला परिजनों का आरोप है चिकित्सकों ने बिना उनके सहमति के ऑपरेशन कर डाला और उन्हें खून की कमी बताकर खून लाने के लिए भेजा इस बीच डॉक्टर ने इस बीच डॉक्टर ने दलित महिला का ऑपरेशन कर दिया।आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा के मौत हो गई लेकिन डॉक्टर ने दोनों के मरने की जानकारी नहीं दी और महिला को सीरियस बात कर रेफर कर दिया परिजनों ने जब एम्बुलेंस बुलाकर जच्चा बच्चा को बैठने का तैयारी शुरू कर दिया तो देखा की दोनों की मौत हो चुकी है दुर्घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया इस दौरान अस्पताल मलिक वह चिकित्सक अस्पताल से भाग गए इसके बाद परीजन एम्बुलेंस से सौव को लेकर बलगिरा थाना क्षेत्र के अपने गांव सैनी लोहारीया चले गए परिजनो और से अस्पताल मालिक और आरोपी चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है मरने के बाद पैसा ना जमा करने पर अस्पताल मालिक मरे हुए बच्चों को परिजन को भी नहीं दिया एस एच ओ बलदीराय राम धीरज कुमार राय ने कहा धीरज कुमार ने कहा की तैहरी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

### कार्तिक पूर्णिमा पवित्र स्नान के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए पंडाल गांव लगना हुआ शुरु



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम तिवारी

बलिया। मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने कार्तिक पूर्णिमा पवित्र स्नान के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए लगाए जा रहे पंडाल गांव के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंडाल गांव के कार्यों को 12 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जर्मन हैंगर से पंडाल गांव लगाया जा रहा हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि महिलाओं के लिए मां गंगा एवं पुरुषों के लिए सरयू नाम के पंडाल गांव लगना शुरू हो गया है। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग–अलग पंडाल गांव लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत तट की सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया जा रहा हैं। इसमें एनडीआरएफ की टीम व गोताखोर आदि मौजूद होंगे तथा बैरिकेडिंग की जा रही हैं। 14 नवंबर की शाम को गंगा आरती के साथ ही लेजर शो व भजन संध्या का कार्यक्रम होगा तथा ददरी मेला का थीम सॉन्ग गाया जाएगा। जिससे ददरी मेले का भी प्रारंभ 15 नवंबर को हो जाएगा।

### बलिया: मीना बाजार में दुकानों का आवंटन व सीमांकन 12 नवम्बर को होगा



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम तिवारी

बलिया। ददरी मेला को व्यवस्थित रूप से आयोजित कराने के लिए आज उपजिलाधिकारी सदर ,अधिशासी अधिकारी न०पा०प० बलिया, कर निर्धारण अधिकारी न०पा०प० बलिया, सभासदगणों द्वारा बैठक की गई। बैठक में 12 नवम्बर को 12 बजे से मीना बाजार में दुकानों का आवंटन व सीमांकन किया जायेगा। सभी दुकानदारों को पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर आवंटन किया जायेगा। मीना बाजार दक्षिणी साइड 6000 रूपये प्रति लट्ठा।, मीना बाजार उत्तरी साइड 5000 रूपये प्रति लट्ठा, मीना बाजार मध्य दक्षिणी साइड 6000 रूपये प्रति लट्ठा, मीना बाजार मध्य उत्तरी साइड 4000 रूपये प्रति लट्ठा। बैठक मे सहमति बनी कि उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर से समन्वय स्थापित करते हुए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती करायेंगे, जिससे शान्ति व्यवस्था बनी रहें।

### ट्रेन से कटकर दो अज्ञात व्यक्तियों की मौत

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा–सिवान रेलखंड पर एकमा प्रखण्ड क्षेत्र के पांडेय छपरा व चड़वा टोला गांवों के समीप किसी ट्रेन से कट जाने से अलग–अलग दो व्यक्तियों की मौत हो गई। बताया गया है कि पांडेय छपरा गांव के समीप 50 वर्षीय व चड़वा टोला गांव के समीप 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत ट्रेन से कट जाने से हो गई। इस संबंध में बताया गया है कि एकमा थाना व राजकीय रेल थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मृतकों की पहचान कराने के प्रयास में जुट गयी है।

### लाठी–डंडे से हुई मारपीट में 22 लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल के रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसन गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी व हाथापाई के बाद ईंट–पत्थर व लाठी–डंडे से हुई मारपीट में 10 महिलाओं समेत 22 लोग घायल हो गए। बताया गया है कि शोरगुल होने पर आसपास के लोगों ने पहुंच कर बीच–बचाव कर मारपीट को शांत कराया। मारपीट में घायल सभी लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ पंकज कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि घायलों के द्वारा रसूलपुर थाने में एक–दूसरे के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है। अबतक किसी भी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

# शिमला के आईजी (पुलिस) डॉ जयप्रकाश सिंह सिंह के पिता समाजसेवी शालिग्राम सिंह की श्रद्धांजलि सभा व शांति पाठ में शामिल हुए देश भर से आए गणमान्य लोग

लोकतंत्र की आवाज

**ई. के. के. सिंह सेंगर, ब्यूरो चीफ**

**छपरा (सारण)।** बिहार के सारण जिले के मांझी प्रखंड के टेघरा गांव निवासी व हिमाचल प्रदेश में शिमला के आईजी (पुलिस) डॉ जय प्रकाश सिंह के पिता समाजसेवी स्वर्गीय शालिग्राम सिंह का श्राद्ध–कर्म शनिवार को उनके पैतृक गांव टेघरा में परंपरागत व धार्मिक रीति–रिवाज से सम्पन्न हुआ। इस अवसर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ, ब्रह्म भोज व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।





• श्रद्धांजलि देने वालों में एसपी, सारण व महाराजगंज के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि, समाजसेवी, राष्ट्रीय एथलीट, डॉक्टर्स, पत्रकार व त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि

इस अवसर पर सारण प्रमण्डल सहित लखनऊ कोलकाता, पटना व दिल्ली से आये अनेक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय शालिग्राम सिंह के तैल चित्र पर श्रद्धा–सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में एसपी, सारण व महाराजगंज के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि, समाजसेवी, राष्ट्रीय एथलीट, डॉक्टर्स, पत्रकार, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि व डीलर्स आदि शामिल रहे।

श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष, सारण के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, छपरा सदर के विधायक डॉ सी एन गुप्ता, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह, राष्ट्रीय एथलीट विकास कुमार सिंह राठौर, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ किरण सिंह, डॉ अमित कुमार तिवारी, रामप्रकाश सिंह, गुड्डू सिंह, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अभिनव सिंह, कवि व साहित्यकार राजनाथ सिंह राकेश, सत्येंद्र सिंह, रणवीर सिंह, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, राजद नेता सुधांशु रंजन, पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव, संजय सिंह, ई. के. के. सिंह सेंगर, मनमोहन पांडेय, मनोज सिंह, वीरेश सिंह, अमित सिंह, विनय कुमार सिंह विक्की, समाजसेवी जीतेन्द्र सिंह, छपरा नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, मुकेश कुमार सिंह, मुखिया मनीष कुमार सिंह, शैलेंद्र उपाध्याय, सुधाकर मिश्रा, शिक्षक नीरज कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह मंटू, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार, टेघरा व आसपास के गांवों के निवासी पंचम सिंह, शशि सिंह, चुनमुन सिंह, गुलबदन सिंह, उमेश सिंह, मिथिलेश सिंह, संजय सिंह, दिनकर सिंह, राहुल सिंह, अंशु सिंह, सोनू, हिमांशु सिंह, मनजीत पांडेय, राधेश्याम सिंह, अभय सिंह, मोहन सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, यशवंत सिंह, रघुनाथ सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह आदि के अलावा सैकड़ों स्थानीय लोग इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि लगभग 85 वर्ष की आयु में शालिग्राम सिंह का देहान्त बीते दिनों हो गया था। उनकी छवि एक ईमानदार, संघर्षशील व समाजसेवी शख्स की रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा एवं ददरी मेला को नगर पालिका परिषद बलिया द्वारा भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा

लोकतंत्र की आवाज़

• विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होगा

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** 14 नवम्बर को सायं 7 बजे कार्तिक पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यकम, भजन संध्या, ददरी मेला थीम सांग लांच आदि कार्यक्रम होगा। प्रणव सिंह कान्हा, विमल बावरा, अंजली उर्वशी की प्रस्तुति एवं कलाकार डांस स्टूडियो द्वारा नृत्य की प्रस्तुति किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन ने देते हुए बताया कि 18 नवम्बर को मध्यान्ह 12 बजे चेतक प्रतियोगिता के अन्तर्गत घुड़दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

20 नवम्बर की सायं 7 बजे से कवि सम्मेलन (अरुण जैमिनी, स्वयं श्रीवास्तव, गजेंद्र प्रियांशु, भुवन मोहिनी, सर्वेश अस्थाना, विकास बौखल) होगा। 21नवम्बर को दोपहर 1 बजे दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमे कुश्ती एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 24 नवम्बर को सायं 7 बजे भोजपुरी नाइट्स में अक्षरा सिंह तथा 26 नवम्बर से 29 नवम्बर 2024 तक खेल कूद प्रतियोगिता (बॉलीबाल, कबड्डी, फुटबाल, हॉकी महिला) का आयोजन होगा। 01 दिसंबर को कव्वाली (अल्ताफ राजा) तथा 08 दिसम्बर को ददरी महोत्सव समापन समारोह पर बॉलीवुड नाइट (आकांक्षा शर्मा ,प्ले बैक सिंगर) कार्यक्रम होगा।

## कोतवाली ब्लॉक के नोडल अधिकारी झोलाछाप डॉक्टरों के अलावा मेडिकल स्टोर से भी करते हैं अवैध वसूली

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नगीना।** सूत्रों के अनुसार नगीना कोतवाली देहात ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी क्वैक्स एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरतपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद देशवाल अपने नोडल अधिकारी दायित्व का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए झोलाछाप डॉक्टर ऑन के साथ–साथ मेडिकल स्टोर वालों से भी जबरन पैसे ले रहे हैं। पैसे नहीं देने पर मेडिकल स्टोर को सील करने की धमकी देते हैं। पूर्व की खबरों के अनुसार रिश्वतखोरी के चलते झोलाछाप डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई न करके पैथोलॉजी लैब्स पर सील करने की कार्रवाई करके झोलाछाप डॉक्टर एवं अवैध मेडिकल स्टोर को बचाया गया थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में दो मेडिकल स्टोर है। जिनमें से एक मेडिकल स्टोर पर से पिछले एक सप्ताह पहले एक हजार रुपये ले जाने का आरोप लगा है।




दूसरे आज फिर एक सप्ताह बाद उसी मेडिकल स्टोर पर जाकर रूपए मांगे लेकिन अबकी बार मेडिकल स्टोर वाले ने पैसे नहीं दिए। तों नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने अपनी गाड़ी के चालक से मेडिकल स्टोर स्वामी को धमकी दिलवाई की मेडिकल स्टोर बंद करा दूंगा। सूत्रों का कहना है कि नोडल अधिकारी क्वैक्स डॉ प्रमोद देशवाल थाना कोतवाली देहात के गांव सिकन्दरपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर के रहने वाले हैं। इनका गृह जनपद बिजनौर है लेकिन डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने अपना गृह जनपद नौकरी में सहारनपुर जनपद लिखवा रखा है।

सूत्रों का कहना है कि जनपद में बिजनौर में रहते हुए इन्होंने नोडल अधिकारी बनकर और कोतवाल देहात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद देशवाल जी ने प्राइवेट दवाई अपने सरकारी कमरों से मरीजों को दिया करते थे। इन्होंने नौकरी से अलग हटकर लगभग अरबों खरबों की सम्पत्ति कर ली है। सूत्रों की मांग है कि यदि योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री जी डॉक्टर प्रमोद देशवाल की सम्पत्ति की जांच कराई जाए।

## साहेबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग, रिसीविंग सेंटर का लिया जायजा

लोकतंत्र की आवाज

**साहेबगंज।** विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त हेमंत सती ने जिला में चल रहे होम वोटिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के ९िम में 01–राजमहल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 85+ वरिष्ठ मतदाता अंजनी कुमार सिन्हा से मिले एवं उन्हें पुष्प देकर लोकतांत्रिक के इस महान पर्व में सम्मिलित होने को लेकर आभार प्रकट किया।



वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, पीठासीन पदाधिकारी को होम वोटिंग से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए । तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहिबगंज में बनाए जा रहे रिसीविंग सेंटर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया । साथ ही समाग्री कोषांग का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गई निर्वाचन कार्य से जुड़े समाग्री का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 अतर्गत ईवीएम, कमीशनिंग आदि का आज से प्रारंभ किया गया।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 में जिला स्कूल क्रिकेट क्लब पूर्णिया ने चिमनी बाजार को हराया, तृतीय चरण में प्रवेश

लोक तंत्र की आवाज

**पूर्णिया।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन–7 के तहत आयोजित ओपन टू ऑल बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के सभी मैच संपन्न हो गए हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्कूल क्रिकेट मैदान, पूर्णिया में हुआ, और अब तृतीय चरण की शुरुआत सोमवार, 13 नवंबर से होने जा रही है।

इस प्रतियोगिता के दूसरे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें जिला स्कूल क्रिकेट क्लब पूर्णिया ने चिमनी बाजार क्रिकेट क्लब को हराकर तृतीय चरण में प्रवेश किया। अन्य मैचों में हन्नी क्रिकेट क्लब ने केरियर कोलनी क्रिकेट क्लब, स्टार क्रिकेट क्लब ने गरुड़ा जाएंट्स, जगेली क्रिकेट क्लब ने मैजिक 11 और जेएमकेसीसी पूर्णिया ने मिल्की क्रिकेट क्लब को हराया।



दूसरे राउंड के अन्य प्रमुख मैच परिणाम : चिमनी बाजार क्रिकेट क्लब बनाम जिला स्कूल क्रिकेट क्लब पूर्णियाः जिला स्कूल क्रिकेट क्लब की जीत, केरियर कोलनी क्रिकेट क्लब बनाम हन्नी क्रिकेट क्लब पूर्णियाः हन्नी क्रिकेट क्लब की जीत, स्टार क्रिकेट क्लब बनाम गरुड़ा जाएंट्सः स्टार क्रिकेट क्लब की जीत, मैजिक 11 बनाम जगेली क्रिकेट क्लब पूर्णियाः जगेली क्रिकेट क्लब की जीत,जेएमकेसीसी बनाम मिल्की क्रिकेट क्लब सीनियर पूर्णियाः जेएमकेसीसी की जीत, जिला स्कूल एनसीसी बनाम केआरएनसीसी पूर्णियाः केआरएनसीसी की जीत, वायएससीसी बनाम किंग्स इलेवन परोरा पूर्णियाः किंग्स इलेवन परोरा की जीता, विधा बिहार बनाम दीपक इलेवन रंगभूमिः दीपक इलेवन रंगभूमि की जीत, द्रोण क्रिकेट क्लब बनाम आजाद स्पोर्ट्स क्लब पूर्णियाः द्रोण क्रिकेट क्लब की जीत

**तृतीय चरण की तैयारीः** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन–7 के आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि तृतीय राउंड के मैचों के लिए ड्रा के माध्यम से टाई सीट का निर्माण किया गया है। सभी विजेता टीमों के कप्तानों के समक्ष यह ड्रा किया गया। तृतीय राउंड के मुकाबले 13 नवंबर (सोमवार) से दिसंबर 2024 तक खेले जाएंगे। सभी टीमें मैच के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले मैदान पर पहुंचने और पूरी ड्रेस के साथ प्लेयर लिस्ट जमा करने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

**स्ट्रेटिजी और प्रसारणः** इस आयोजन का लाइव प्रसारण यूट्यूब और फेसबुक पर किया जा रहा है, जिससे घर बैठे दर्शक भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। श्री झा ने सभी टीमों से अनुरोध किया कि वे अपने मैचों में पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ भाग लें।

**अंपायरों की टीमः** इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अंपायर के रूप में बिहार स्टेट पेनल अंपायर मनोज कुमार (मुजफ्फरपुर), बिहार स्टेट ग्रेड ₹ए₹ अंपायर मो नयर अली (पूर्णिया), श्री काजल पोद्दार (पूर्णिया), श्री विमल मुकेश (पूर्णिया), विकाश कुमार (सुपौल), श्री एस0एस प्रसाद उर्फ पिंटू कुमार (पूर्णिया) और हरीश कुमार (पूर्णिया) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन टीम का योगदानः कार्यक्रम की सफलता में हरिओम झा के अलावा विकाश कुमार, मंजर मोहसीन, अमृत साजन, काजल कुमारी, स्कोरर प्रिंस पटेल, लाइव टेलीकास्ट टीम के कुंदन कुमार, पियूष कुमार, मोहित कुमार, रोबिन कुमार, और लाइव कमेंट्री में विराट जाहिद, हरीश कुमार, मो मासूम जैसे सक्रिय सदस्य शामिल रहे।

प्रतियोगिता के अगले राउंड में निर्णायक मुकाबले खेले जाएंगे, जहां टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। पनोरमा स्पोर्ट्स की यह श्रृंखला जिले भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक उत्साहजनक अवसर बन गई है, और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है।

## चतरा और लातेहार की जनसभा की केंद्र सरकार पर जमकर बरसे मुकेश सहनी, कहा सरकार गिराने के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया

लोक तंत्र की आवाज

**लातेहार।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने आज झारखंड चुनाव के प्रथम चरण के प्रचार अभियान के अंतिम दिन न केवल केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा बल्कि प्रदेश की हेमंत सरकार की जमकर तारीफ की।

चतरा और लातेहार विधानसभा के बालूमाथ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सहनी ने कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार को जनता से कोई मतलब नहीं है। इसे न संविधान पर भरोसा है नहीं इसे सामाजिक न्याय से कोई मतलब है। उन्होंने कहा कि हमलोग सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले लोग है तथा हमारी विचारधारा एक है।उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार पहले तो गरीबों की सरकार हेमंत सरकार को गिराने का प्रयास किया, जब ऐसा नहीं हुआ तो आदिवासी मुख्यमंत्री को गलत आरोप में जेल भेज दिया।

सन ऑफ मल्लाह ' के नाम से चर्चित सहनी ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार ने यहां गरीबों और महिलाओं के लिए कई कल्याण के काम किए गए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि झारखंड में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने लोगों से चतरा में राजद प्रत्याशी और लातेहार से झामुमो प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की।

### प्रदेश सरकार ने यहां गरीबों और महिलाओं के लिए कई कल्याण के काम किए गए : मुकेश सहनी



लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।